दिनांक : 07.09.2024 समय : 07.10 **pm**

मुख्य समाचार :–

- मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव कल खंडवा जिले के खालवा में जनजातीय वर्ग के होनहार विद्यार्थियों को करेंगे सम्मानित
- उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड ने शिक्षा को बदलाव का सशक्त माध्यम बताया
- प्रदेश में भक्ति और उल्लास के साथ आरंभ हुआ गणेशोत्सव।
- पैरालिंपिक खेलों में प्रदेश के खिलाड़ियों की सफलता पर प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री ने दी बधाई।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री मोहन यादव 8 सितम्बर को खण्डवा जिले के खालवा में जनजातीय वर्ग के होनहार विद्यार्थियों के उच्च शिक्षा प्रोत्साहन एवं सम्मान समारोह में शामिल होंगे। समारोह में वे राज्य सरकार की विदेश अध्ययन छात्रवृत्ति योजना से लाभान्वित होकर विदेश से पढ़ाई पूरी कर लौटे विद्यार्थियों सहित उच्च शिक्षा के लिये विदेश जाने वाले चयनित विद्यार्थियों को सम्मानित करेंगे। राज्य सरकार की विदेश अध्ययन छात्रवृत्ति योजना की प्रारंभ तिथि से अब तक कुल 70 विद्यार्थी विदेश अध्ययन के लिये चयनित किये जा चुके हैं। इन विद्यार्थियों में से 5 विद्यार्थियों का खालवा समारोह में सम्मान किया जायेगा। इसमें भोपाल और इन्दौर जिले के एक–एक युवा का सम्मान किया जायेगा। ये दोनों विद्यार्थी विदेश में पढ़ाई पूरी कर वापस आ चुके हैं। इसी प्रकार इस वर्ष विदेश अध्ययन के लिए चयन इंदौर जिले के दो विद्यार्थियों को भी मुख्यमंत्री सम्मानित करेंगे।

उप राष्ट्रपति दौरा

उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ सतना जिले के चित्रकूट पहुंचे। उन्होंने आरोग्य धाम स्थित भारत रत्न राष्ट्र ऋषि नाना जी देशमुख की प्रतिमा के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित की। इस मौके पर दीन दयाल शोध संस्थान के अध्यक्ष ने उप राष्ट्रपति और उनकी पत्नी को गणेश भगवान की प्रतिमा भेट की। प्रदेश की नगरीय विकास और आवास राज्य मंत्री प्रतिमा बागरी भी इस मौके पर मौजूद थीं। बाद में उप राष्ट्रपति उत्तर प्रदेश रवाना हो गए जहां उन्होंने विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लिया। उपराष्ट्रपति ने गोरखपुर में सैनिक स्कूल का उद्घाटन करते हुए कहा कि शिक्षा बदलाव लाने का एक सशक्त माध्यम है जो समाज से बुराइयों और कुरीतियों को समाप्त करती है। बाद में उपराष्ट्रपति ने चित्रकूट में जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय में 'आधुनिक जीवन में ऋषि परंपरा' विषय पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में अध्यक्षता की।

हीरक जयंती वर्ष

राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु इस माह के दूसरे पखवाड़े में उज्जैन आ सकती हैं। वे महाकाल के दर्शन भी करेंगी। राष्ट्रपति के इन्दौर एवं उज्जैन के प्रस्तावित दो दिवसीय के मद्देनजर तैयारियों और प्रबंधों के संबंध में मुख्य सचिव वीरा राणा ने वीडियों कॉन्फ्रेन्स के माध्यम से बैठक ली। वहीं इंदौर के देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के हीरक जयंती वर्ष में 19 सितंबर को होने जा रहे दीक्षांत समारोह में राष्ट्रपति 78 छात्राओं को स्वर्ण पदक प्रदान करेंगी। वहीं छात्रों की संख्या सिर्फ 18 है। यह 2022–23 के टॉपर हैं। कुल 11 छात्राओं को सिल्वर पदक मिलेंगे, वहीं छात्र दो ही हैं। समारोह में 2022–23 सत्र के 109 विद्यार्थियों को पदक प्रदान किए जाएंगे। कुल 183 शोधार्थियों को पीएचडी अवॉर्ड भी होगी। यूनिवर्सिटी के मुख्य ऑडिटोरियम में होने वाले समारोह की तैयारी चल रही है। बीते वर्षों में हुए दीक्षांत समारोह में तत्कालीन राष्ट्रपति प्रतिभा पाटिल, डॉ. प्रणब मुखर्जी भी शामिल हो चुके हैं।

शहीद

कटनी में शहीद प्रदीप पटेल का राजकीय सम्मान के साथ आज शाम उनके पैतृक गांव में अंतिम संस्कार किया गया। सिक्किम में एक सड़क हादसे में उनका निधन हो गया था। उनकी पार्थिव देह आज उनके गांव लाई गई। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा , प्रभारी मंत्री उदय प्रताप सिंह, मंत्री लखन पटेल , विधायक संजय पाठक सहित जिले के अधिकारियों ने श्रद्धांजलि दी। सेना के बैंड नें शोक धुन बजाई तथा जवानों ने गॉड ऑफ ऑनर दिया। इससे पहले खजुराहो में मुख्यमंत्री मोहन यादव ने दिवंगत को श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्य प्रदेश शासन की ओर से एक करोड़ की राशि अमर शहीद के परिवार को दी जाएगी।

गणेश चतुर्थी

आज गणेश चतुर्थी का त्यौहार श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। प्रदेश में भी जगह–जगह पंडालों और घरों में भगवान गणेश की प्रतिमाएं स्थापित की जा रही हैं। राजधानी भोपाल में लागे गाजे–बाजे और पूजा अर्चना के साथ गणपति प्रतिमाओं की स्थापना कर रहे हैं। इंदौर में श्रद्धालुओं द्वारा भगवान गणेश के अलग–अलग स्वरूपों की घरों में स्थापना की जा रही है। इंदौर के खजराना गणेश मंदिर में सवा लाख मोदकों का भोग भगवान गणेश को लगाया गया। शहर में विभिन्न स्थानों पर भगवान गणेश की स्थापना की जा रही है। सीहोर स्थित देश के चौथे स्वयम्भू पीठ विक्रमादित्य कालीन प्राचीन श्री चिंतामन सिद्धिविनायक गणेश मंदिर के पट विशेष पूजा अर्चना के साथ खोले गए और महाआरती का भव्य आयोजन हुआ .. .लगभग सवा लाख लड्डुओं का भोग लगाया गया इस विशेष अवसर पर भगवान गणेश की जन्म की महाआरती की गई। आज से यहां 10 दिवसीय मेला भी प्रारंभ हुआ। इंदौर में खजराना गणेश सहित गणपति मंदिरों में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। धार जिले में शुभ मुहूर्त में सार्वजनिक स्थान और घरों पर गणपति बप्पा की प्रतिमाए स्थापित की गई। गणेश चतुर्थी पर गणेश मंदिरों के साथ अन्य मन्दिरों

को विशेष रूप से सजाया गया है। नीमच शिवपुरी और बड़वानी सहित अन्य जिलों से भी गणेशोत्सव की उल्लासपूर्वक शुरुआत की खबर है।

पेरिस पैरालिंपिक

पेरिस पैरालम्पिक खेलों में भारतीय एथलीटों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अब तक कुल सत्ताइस पदक जीते हैं। इनमें छह स्वर्ण, नौ रजत और बारह कांस्य पदक शामिल हैं। आज शीर्ष धावक सिमरन महिलाओं की दो सौ मीटर टी 12 फाइनल, दिलीप गावित पुरुषों के चार सौ मीटर टी 47 फाइनल और नवदीप पुरुषों की भाला फेंक एफ 41 स्पर्धा के फाइनल में भाग लेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सीहोर के कपिल परमार को पैरालंपिक में कांस्य पदक जीतकर दुनिया में देश का नाम रोशन करने पर फोन पर बधाई दी है। उन्होंने कपिल से बातचीत के दौरान कहा कि हमें और देश को उस समय बहुत गर्व होता है जब आप जैसे युवा देश के लिए मैडल लाते हैं और दुनिया में देश का नाम रोशन करते है। पुरुषों की ऊंची कूद स्पर्धा में स्वर्ण पदक हासिल करन वाले प्रवीण कुमार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बधाई दी है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि यह ऐतिहासिक उपलब्धि अटूट परिश्रम और सामर्थ्य का प्रतीक है। उन पर सभी देशवासियों को गर्व है।

राष्ट्रीय बाल पुरस्कार

प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2025 के लिए नामांकन जमा करने की अंतिम तिथि इस महीने की 15 तारीख है। ये पुरस्कार हर साल जनवरी में महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा आयोजित किए जाते हैं और इस साल 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस पर इनकी घोषणा की जाएगी। इन पुरस्कारों का उद्देश्य बच्चों की ऊर्जा, दृढ़ संकल्प, क्षमता, जोश और उत्साह का जश्न मनाना है। 5 वर्ष से अधिक और 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों के लिए नामांकन राष्ट्रीय पुरस्कार की आधिकारिक वेबसाइट पर दाखिल किए जा सकते हैं।

<u>सड़क हादसा</u>

विदिशा जिले में बीती रात हुई सड़क दुर्घटना में 4 लोगो की मौत हो गई वही 6 लोग गंभीर घायल है,जिनका उपचार किया जा रहा है। बताया गया है कि राजस्थान के लगभग 10 श्रद्धालु तीर्थ यात्रा से वापस अपने क्षेत्र झालावाड़ जिले में लौट रहे थे,उसी दौरान विदिशा जिले के अंतर्गत आने वाले लटेरी में ब्यावरा से बीना मार्ग पर तड़के 4 बजे के उनका वाहन पीछे से ट्रक में टकरा गया। मुख्यमंत्री ने हादसे पर शोक व्यक्त किया है।

मौसम

प्रदेश के तेइस जिलों में मौसम विभाग ने कहं कहीं भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। प्रदेश में आज भी कई स्थानों पर रुक रुक कर बारिश का सिलसिला जारी रहा। मौसम विभाग के अनुसार आंध्र प्रदेश और ओडिशा के समुद्र तट पर लो

प्रेशर एरिया सिस्टम सक्रिय है। वहीं, मानसून ट्रफ जैसलमेर से मप्र से होते हुए आगे गुजर रही है। इस वजह से दो दिन पूर्वी हिस्से में बारिश हो सकती है। आगरमालवा में आज दोहपर हुई तेज बारिष से सड़कों पर पानी बह निकला तथा मौसम में ठंडक घुल गई। जिले में इस वर्ष अभी तक छत्तीस इंच से अधिक बारिष दर्ज की गई है।

**समाचार संक्षेप**

1. नीमच जिले में एक ग्राम पंचायत में सरंपच पद के उपनिर्वाचन एवं विभिन्न गाम पंचायतों में पंच पद के रिक्त 9 पदों के उपचुनाव के लिए मतदान 11 सितम्बर को होगा।
2. आगरमालवा जिले की 236 ग्राम पंचायतों के 480 ग्रामों में 17 सितंबर से 1 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत "स्वभाव स्वच्छता– संस्कार स्वच्छता" की थीम पर अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।
3. शिवपुरी जिले के कृषि विज्ञान केंद्र पर कृषि महाविद्यालय ग्वालियर के छात्र 60 दिनों तक खेती किसानी से संबंधित बारिकियों की जानकारी लेंगे।
4. निवाड़ी जिले में कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा ने अधिकारियों को सीएम हेल्पलाइन का निराकरण, विभागीय योजना लाडली लक्ष्मी और प्रधान मंत्री मातृ बंदना योजना की लक्ष्य पूर्ति के निर्देश दिए हैं।
5. खण्डवा जिले में राजस्व महा अभियान के तहत 5 हजार 893 और देवास में राजस्व महाअभियान में अभिलेख दुरूस्ती के 309 प्रकरणों का निराकरण किया गया।

....................